अनौपचारिक रूप से परामर्शित

# बिहार सरकार
## पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग

संख्या–04/वन्यप्राणी (स्था०)–28/2025 5370 /प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक 04/10/25

सेवा में,

महालेखाकार,
बिहार, पटना।

द्वारा :– वित्त विभाग,
बिहार, पटना।

विषय :–संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के सुचारू संचालन हेतु स्थायी स्थापना अन्तर्गत विभिन्न कोटि के कुल 172 अतिरिक्त पदों के सृजन के संबंध में।

आदेश :–**स्वीकृत**

महाशय,

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में रखे गये वन्यजीवों के प्रबंधन, पर्यटकों के प्रबंधन, वन्यप्राणी पर्यटन के सुचारू संचालन, वन्यजीवों के 24x7 सुरक्षा तथा देखभाल के साथ–साथ प्रदान की जा रही सुविधाओं एवं परिसम्पदाओं के रख–रखाव इत्यादि कार्य हेतु पूर्व से स्वीकृत पदों के अतिरिक्त विभिन्न कोटि के कुल 172 अतिरिक्त पदों के सृजन एवं इन सृजित पदों पर वार्षिक व्यय रू० 8,63,42,400/– (आठ करोड़ तिरेसठ लाख बयालीस हजार चार सौ रूपये) मात्र की स्वीकृति दी जाती है, जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| | पदनाम | वेतन स्तर | पूर्व से स्वीकृत पदों की संख्या | सृजित अतिरिक्त पदों की संख्या | सृजन के फलस्वरूप कुल पदों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पशुचिकित्सक | लेवल–09 (53100–167800) | 2 | 1 | 3 |
| 2 | वनों के क्षेत्र पदाधिकारी | लेवल–06 (35400–112400) | 2 | 1 | 3 |
| 3 | क्यूरेटर | लेवल–06 (35400–112400) | 0 | 1 | 1 |
| 4 | फार्मासिस्ट | लेवल–05 (29200–92300) | 0 | 1 | 1 |
| 5 | तकनीशियन | लेवल–05 (29200–92300) | 1 | 1 | 2 |
| 6 | वनपाल | लेवल–05 (29200–92300) | 5 | 5 | 10 |
| 7 | वनरक्षी | लेवल–03 (21700–69100) | 16 | 24 | 40 |
| 8 | आशुलिपिक | लेवल–04 (25500–81100) | 1 | 1 | 2 |
| 9 | निम्नवर्गीय लिपिक | लेवल–02 (19900–63200) | 6 | 3 | 9 |
| 10 | वरीय पशुपालक | लेवल–02 (19900–63200) | 3 | 4 | 7 |
| 11 | पशुपालक | लेवल–01 | 64 | 36 | 100 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | (18000–56900) | | | |
| 12 | पशुकम्पाउडर | लेवल–02 (19900–63200) | 2 | 1 | 3 |
| 13 | चालक | लेवल–02 (19900–63200) | 5 | 11 | 16 |
| 14 | माली | लेवल–01 (18000–56900) | 15 | 25 | 40 |
| 15 | प्लम्बर | लेवल–02 (19900–63200) | 1 | 4 | 5 |
| 16 | बिजली मिस्त्री | लेवल–02 (19900–63200) | 1 | 4 | 5 |
| 17 | सपेरा | लेवल–01 (18000–56900) | 1 | 4 | 5 |
| 18 | चौकीदार | लेवल–01 (18000–56900) | 3 | 4 | 7 |
| 19 | खानसामा | लेवल–02 (19900–63200) | 3 | 2 | 5 |
| 20 | आदेशपाल / कार्यालय परिचारी | लेवल–01 (18000–56900) | 11 | 19 | 30 |
| 21 | कम्प्यूटर ऑपरेटर | संविदा के आधार पर सेवा प्राप्त की जायेगी | 0 | 20 | 20 |
| | | कुलः– | 142 | 172 | 314 |

2. संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के सृजित अतिरिक्त पदों का औचित्य एवं कर्तव्य / दायित्व परिशिष्ट–1 के रूप में संलग्न है।

3. संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के स्थायी स्थापना अंतर्गत विभिन्न कोटि के 172 अतिरिक्त पदों के सृजन के फलस्वरूप अनुमानित वार्षिक व्यय विवरणी परिशिष्ट–2 के रूप में संलग्न है।

4. नवसृजित पदों पर होने वाले व्यय का वहन मुख्य शीर्ष–2406–वानिकी तथा वन्यप्राणी, उपमुख्य शीर्ष–02–पर्यावरणीय वानिकी तथा वन्य जीव, लघु शीर्ष–111–चिड़ियाघर, उपशीर्ष–0001–अन्य उद्यान, विपत्र कोड–19–2406021110001 से किया जायेगा।

5. उपरोक्त पदों के सृजन के प्रस्ताव पर दिनांक–03.10.2025 को सम्पन्न मंत्रिपरिषद् की बैठक में स्वीकृति प्राप्त है।

विश्वासभाजन

5/10/25

(आनन्द किशोर)
सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञापांक–04 / वन्यप्राणी (स्था०)–28 / 2025 5370 / प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक 04/10/25

प्रतिलिपि :–ई० गजट कोषांग, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सी.डी. एवं दो अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आनन्द किशोर) 4/10/25
सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञापांक–04 / वन्यप्राणी (स्था०)–28 / 2025 5370 / प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक 4/10/25

प्रतिलिपि :–प्रधान सचिव, मुख्यमंत्री सचिवालय, बिहार, पटना / मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना के आप्त सचिव / प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना / संबंधित कोषागार पदाधिकारी / प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), बिहार, पटना / प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना / सभी अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, बिहार / निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना / सभी क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, बिहार / सभी मुख्य वन संरक्षक, बिहार / सभी वन संरक्षक, बिहार / सभी वन प्रमंडल पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आनन्द किशोर) 4/10/25
सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञापांक–04 / वन्यप्राणी (स्था०)–28 / 2025 5370 / प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक 04/10/25

प्रतिलिपि :–प्रधान सचिव, मंत्रिपरिषद् सचिवालय विभाग, बिहार, पटना को दिनांक–03.10.2025 को सम्पन्न मंत्रिपरिषद् की बैठक में मद संख्या–53 के रूप में सम्मिलित एवं स्वीकृत प्रस्ताव के अनुपालन के क्रम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आनन्द किशोर) 4/10/25
सरकार के प्रधान सचिव

ज्ञापांक–04 / वन्यप्राणी (स्था०)–28 / 2025 5370 / प०व०ज०प०, पटना–15, दिनांक 04/10/25

प्रतिलिपि :–प्रधान सचिव, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव / मुख्यालय के सभी पदाधिकारी / आई०टी० मैनेजर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

(आनन्द किशोर) 4/10/25
सरकार के प्रधान सचिव

परिशिष्ट–1

सृजित पदों की विवरणी तथा पदनाम, पद की संख्या, वेतनमान्, औचित्य एवं कर्तव्य।

1. पद का नाम– पशु चिकित्सा पदाधिकारी

प्रस्तावित पदों की संख्या–01, वेतनमान– लेवल–09 (53100–167800)

- यह बिहार पशुपालन सेवा संवर्ग का पद होगा।
- संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में रखे गये सभी वन्यजीवों के स्वास्थ परीक्षण तथा चिकित्सा का पूर्ण दायित्व इनपर होगा।
- इनके नियंत्री पदाधिकारी निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना होंगे एवं इनका मुख्यालय पटना होगा।
- इस संवर्ग मे पूर्व से 2 पद सृजित है। संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में वर्तमान में कुल 93 प्रजाति के कुल 1122 वन्यजीव वास कर रहे हैं, जिसमें समय–समय पर बढ़ोतरी होती रहती है। वन्यजीवों की बढ़ती प्रजातियों एवं संख्या को देखते हुये वन्यजीवों के बेहतर स्वास्थ परीक्षण एवं चिकित्सा तथा किसी पशु चिकित्सा पदाधिकारी की अनुपस्थिति में कार्यों के सुचारू संपादन हेतु अतिरिक्त 01 पद का सृजन प्रस्तावित है।

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | पशु चिकित्सक की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | जू में वास कर रहे कुल 93 प्रजाति के कुल 1122 वन्यजीवों वन्यजीवों का स्वास्थ प्रबंधन, रख–रखाव, स्वास्थ परीक्षण तथा चिकित्सा का कार्य, गैंडा संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र, आपातकालीन सेवा, त्वरित कार्रवाई बल तथा राहत कार्य हेतु के साथ–साथ वन्यजीवों के स्थानांतरण का कार्य, लिव रिजर्व | 3 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 3 |
| पूर्व से सृजित पद | | 2 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 1 |

2. पद का नाम–वनों के क्षेत्र पदाधिकारी

प्रस्तावित पदों की संख्या–01, वेतनमान– लेवल–06 (35400–112400)

- यह वनों के क्षेत्र पदाधिकारी संवर्ग का पद होगा।
- इनके नियंत्री पदाधिकारी निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना होंगे एवं इनका मुख्यालय पटना होगा।
- विगत कुछ वर्षों में संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में पर्यटकों के लिए विभिन्न सुविधाओं का निर्माण किया गया हैं। इन सुविधाओं को वर्तमान में वनस्पति प्रक्षेत्र के द्वारा संचालित किया जा रहा है। साथ ही वनस्पति प्रक्षेत्र के द्वारा पर्यटक–प्रबंधन एवं राजस्व संकलन का भी कार्य किया जाता है। अतः वर्तमान में कार्यरत वनस्पति प्रक्षेत्र पर बढ़ते बोझ को देखते हुए पर्यटक–प्रबंधन, राजस्व के संकलन एवं संधारण, प्रोटोकॉल एवं पर्यटकों से संबंधित

अन्य सुविधाओं के संचालन के लिए अतिरिक्त प्रक्षेत्र का निर्माण एवं वनों के क्षेत्र पदाधिकारी के पद का सृजन आवश्यक है।

| क्र0 | प्रक्षेत्र | कार्य दायित्वों का निर्धारण | वनों के क्षेत्र पदाधिकारी की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | जन्तुप्रक्षेत्र | वन्य जीवों का दैनिक स्वास्थ्य एवं आहार प्रबंधन, वन्यजीवों के स्थानांतरण, वन्यजीव स्टॉक का संधारण, वन्यप्राणी के जो का सुदृढ़ीकरण एवं रख–रखाव, नई संरचनाओं का निर्माण एवं उपलब्ध संरचनाओं का रख–रखाव। | 1 |
| 2. | वनस्पति प्रक्षेत्र | वनस्पति प्रक्षेत्र का प्रबंधन, लैंडस्केपिंग एवं सौंदर्यीकरण का कार्य, नई संरचनाओं का निर्माण एवं उपलब्ध संरचनाओं का रख–रखाव। | 1 |
| 3. | टूरिज्म प्रक्षेत्र | पर्यटक प्रबंधन, राजस्व संकलन एवं संधारण, प्रोटोकॉल एवं पर्यटकों से संबंधित अन्य सुविधाओं का संचालन। | 1 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | | 3 |
| पूर्व से सृजित पद | | | 2 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | | 1 |

3. पद का नाम– क्यूरेटर (संग्रहाध्यक्ष)

प्रस्तावित पदों की संख्या–01, वेतनमान– लेवल–06 (35400–112400)

- संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में रखे गये सभी वन्यजीवों के संग्रहण का पूर्ण दायित्व इनपर होगा।
- इनके नियंत्री पदाधिकारी निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना होंगे एवं इनका मुख्यालय पटना होगा।
- इस संवर्ग मे पूर्व से पद सृजित नहीं है। संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, देश के बड़े श्रेणी का चिड़ियाघर है। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के द्वारा निर्गत Recognition of Zoo Rules 2009 के तहत बड़े श्रेणी के चिड़ियाघरों में एक क्यूरेटर (संग्रहाध्यक्ष) का पद निर्धारित किया गया है। वर्तमान में संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में कुल 93 प्रजाति के कुल 1122 वन्यजीव वास कर रहे हैं, जिनके लिए क्यूरेटर के 01 पद का सृजन प्रस्तावित है।

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | संग्रहाध्यक्ष की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | जू में वास कर रहे कुल 93 प्रजाति के कुल 1122 वन्यजीवों का संग्रहण एवं पर्यटकों का ज्ञानबर्द्धन | 1 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 1 |

| | |
|---|---|
| पूर्व से सृजित पद | 0 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | 1 |

4. पद का नाम– फार्मासिस्ट

प्रस्तावित पदों की संख्या–01, वेतनमान– लेवल–05 (29200–92300)

- संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के वन्यजीव अस्पताल के फार्मसी में दवाईयों का वितरण एवं संधारण का पूर्ण दायित्व इनपर होगा।
- इनके नियंत्री पदाधिकारी निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना होंगे एवं इनका मुख्यालय पटना होगा।
- इस संवर्ग मे पूर्व से पद सृजित नहीं है। संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना, देश के बड़े श्रेणी का चिड़ियाघर है। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण के द्वारा निर्गत Recognition of Zoo Rules 2009 के तहत बड़े श्रेणी के चिड़ियाघरों में एक फार्मासिस्ट का पद निर्धारित किया गया है। वर्तमान में संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में कुल 93 प्रजाति के कुल 1122 वन्यजीव वास कर रहे हैं, जिनके लिए फार्मासिस्ट के 01 पद का सृजन प्रस्तावित है।

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | फार्मासिस्ट की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | पटना जू के वन्यजीव अस्पताल के फार्मसी में दवाईयों का वितरण एवं संधारण | 1 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 1 |
| पूर्व से सृजित पद | | 0 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 1 |

5. पद का नाम– तकनीशियन (Technician)

प्रस्तावित पदों की संख्या–01, वेतनमान–लेवल–05 (29200–92300)

- संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के पशु अस्पताल में उपलब्ध उपकरणों के संचालन, रख–रखाव, वन्यजीवों के ब्लड, यूरिन एवं अन्य सैम्पल के जाँच का पूर्ण दायित्व इनपर होगा।
- इनके नियंत्री पदाधिकारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना होंगे एवं इनका मुख्यालय पटना होगा।
- संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना देश के बड़े श्रेणी का चिड़ियाघर है, जिसमें कुल 93 प्रजाति के कुल 1122 वन्यजीव वास कर रहे हैं। अतः वन्यजीव अस्पताल में उपलब्ध सामग्रियों यथा– एक्स–रेमशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन एवं अन्य मशीनरी के संचालन के साथ–साथ वन्यजीवों के ब्लड, यूरिन एवं अन्य सैम्पल कलेक्शन, उनकी जाँच, सैम्पल संधारण के लिए तकनीशियन के अतिरिक्त 01 पद का सृजन प्रस्तावित है।

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | तकनीशियन की संख्या |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1. | वन्यजीव अस्पताल में उपलब्ध सामग्रियों यथा– एक्स–रे मशीन, अल्ट्रासाउंड मशीन, ऑपरेशन थियेटर तथा ऑब्जर्वेशन रूम में उपलब्ध अन्य मशीनरी के संचालन तथा रख–रखाव का कार्य। | 1 |
| 2. | जू में वास कर रहे कुल 93 प्रजाति के कुल 1122 वन्यजीवों वन्यजीवों के ब्लड, यूरिन एवं अन्य सैम्पल की जाँच एवं प्रयोगशाला के उपकरणों का संचालन तथा रख–रखाव का कार्य। | 1 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 2 |
| पूर्व से सृजित पद | | 1 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 1 |

6. पद का नाम– वनपाल,

प्रस्तावित पदों की संख्या–05, वेतनमान– लेवल–05 (29200–92300)

- यह बिहार अवर वनसेवा के वनपाल संवर्ग का पद होगा।
- इनके नियंत्री पदाधिकारी वनों के क्षेत्र पदाधिकारी होंगे। इनका मुख्यालय संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना होगा।
- संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में वनपाल संवर्ग के बीट–वार कार्य एवं दायित्वों का निर्धारण निम्नवत् हैः–

| क्र0 | प्रक्षेत्र | कार्य दायित्वों का निर्धारण | वनपाल की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | जन्तु प्रक्षेत्र | जन्तु प्रक्षेत्र के बीट 1 का प्रभार। | 1 |
| | | जन्तु प्रक्षेत्र के बीट 2 का प्रभार। | 1 |
| | | जन्तु प्रक्षेत्र के बीट 3 का प्रभार। | 1 |
| | | जन्तु प्रक्षेत्र के बीट 4 का प्रभार। | 1 |
| | | जन्तु प्रक्षेत्र के बीट 5 का प्रभार। | 1 |
| 2 | वनस्पति प्रक्षेत्र | वनस्पति प्रक्षेत्र के बीट 1 का प्रभार। | 1 |
| | | वनस्पति प्रक्षेत्र के बीट 2 का प्रभार। | 1 |
| 3. | टूरिज्म प्रक्षेत्र | टूरिज्म प्रक्षेत्र के बीट 1 का प्रभार। | 1 |
| | | टूरिज्म प्रक्षेत्र के बीट 2 का प्रभार। | 1 |
| | | टूरिज्म प्रक्षेत्र के बीट 3 का प्रभार। | 1 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | | 10 |
| पूर्व से सृजित पद | | | 5 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | | 5 |

7. पद का नाम– वनरक्षी,

प्रस्तावित पदों की संख्या–24, वेतनमान– लेवल–03 (21700–69100)

- यह बिहार अवर वन सेवा के वनरक्षी संवर्ग का पद होगा।
- इनके नियंत्री पदाधिकारी वनपाल होंगे तथा इनका मुख्यालय संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना होगा।
- संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना क्षेत्र में वनपाल संवर्ग के बीटवार कार्य एवं दायित्वों का सारांश निम्नवत् है:–

| क्र0 | प्रक्षेत्र | कार्य दायित्वों का निर्धारण | वनरक्षी की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | जन्तु प्रक्षेत्र | बीट 1 के सब–बीट 1 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 1 के सब–बीट 2 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 2 के सब–बीट 1 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 2 के सब–बीट 2 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 2 के सब–बीट 3 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 3 के सब–बीट 1 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 3 के सब–बीट 2 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 3 के सब–बीट 3 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 4 के सब–बीट 1 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 4 के सब–बीट 2 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 4 के सब–बीट 3 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 5 के सब–बीट 1 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 5 के सब–बीट 2 का प्रभार। | 1 |
| | | रेस्क्यू कार्य दल | 1 |
| | | रात्रि प्रहरी गश्ती कार्य | 3 |
| | | सामान्य गश्ती कार्य दिन में | 2 |
| | | लीव रिजर्व | 3 |
| | | जन्तु प्रक्षेत्र काकुल | 22 |
| 2 | वनस्पति प्रक्षेत्र | बीट 1 के सब–बीट 1 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 1 के सब–बीट 2 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 1 के सब–बीट 3 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 2 के सब–बीट 1 का प्रभार। | 1 |
| | | बीट 2 के सब–बीट 2 का प्रभार। | 1 |
| | | सामान्य गश्ती कार्य दिन में | 02 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | रात्रि प्रहरी गश्ती कार्य | 02 |
| | | लीव रिर्जव (वनस्पति प्रक्षेत्र में संलग्न) | 02 |
| | | वनस्पति प्रक्षेत्र का कुल | 11 |
| 3. | टूरिज्म प्रक्षेत्र | गेट नं०–1 का टिकट कार्य, गेट संचालन एवं राजस्व संधारण | 01 |
| | | प्रोटोकॉल एवं लीव रिजर्व | 01 |
| | | गेट नं०–2 का टिकट कार्य, गेट संचालन एवं राजस्व संधारण | 01 |
| | | प्रोटोकॉल एवं लीव रिजर्व | 01 |
| | | टॉय–ट्रेन का टिकट कार्य, संचालन एवं राजस्व संधारण, | 01 |
| | | एक्वेरियम टिकट काउंटर एवं प्रोटोकॉल | 01 |
| | | ऑनलाईन टिकटिंग संधारण एवं तकनीकी कार्य | 01 |
| | | टूरिज्म प्रक्षेत्र का कुल | 7 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | | 40 |
| पूर्व से सृजित पद | | | 16 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | | 24 |

8. पद का नाम– आशुलिपिक

प्रस्तावित पदों की संख्या–01, वेतनमान– लेवल–04 (25500–81100)

- यह बिहार आशुलिपिक संवर्ग का पद होगा।
- इनके नियंत्री पदाधिकारी निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना होंगे एवं इनका मुख्यालय पटना होगा।

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | आशुलिपिक की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | निदेशक कार्यालय | 1 |
| 2 | उप निदेशक कार्यालय | 1 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 2 |
| पूर्व से सृजित पद | | 1 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 1 |

9. पद का नाम– निम्नवर्गीय लिपिकः–

प्रस्तावित पदों की संख्या–03, वेतनमान– लेवल–02 (19900–63200)

- यह बिहार वन लिपिकीय संवर्ग का पद होगा।
- इनके नियंत्री पदाधिकारी निदेशक, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना होंगे एवं इनका मुख्यालय पटना होगा।
- वर्तमान में कुछ वर्षों में सी.एफ.एम.एस. के लागू होने के उपरांत तथा बढ़ते विभागीय कार्यों को देखते हुए प्रक्षेत्र कार्यालयों में लेखा संधारण का कार्य बढ़ गया है। इस आलोक में प्रक्षेत्र कार्यालयों में लेखा संधारण, ई.पी.एफ. भुगतान, अभिलेखों का संधारण इत्यादि के लिए प्रत्येक प्रक्षेत्र कार्यालय में एक निम्नवर्गीय लिपिक की आवश्यकता है।

| | प्रशाखा | कार्य दायित्वों का निर्धारण | निम्नवर्गीय लिपिक की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | लेखा प्रशाखा | लेखा प्रशाखा से संबंधित कार्य। | 2 |
| 2 | विपत्र प्रशाखा | विपत्र प्रशाखा से संबंधित कार्य। | 1 |
| 3. | स्थापना प्रशाखा | स्थापना प्रशाखा से संबंधित कार्य। | 1 |
| 4. | जन्तु प्रशाखा | केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, नई दिल्ली से संबंधित कार्य, वन्यप्राणियों की अदला–बदली, वन्यजन्तुओं का आहार आपूर्ति इत्यादि वन्यजीव से संबंधित कार्य। | 1 |
| 5 | न्यायालय एवं विविध | न्यायालय से संबंधित एवं अन्य विविध कार्य। (पर्यटक एवं ऑनलाईन टिकट की सुविधा का संचालन) | 1 |
| 6 | प्रक्षेत्र कार्यालय | प्रक्षेत्र कार्यालय में लिपिकीय कार्य। | 3 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | | 9 |
| पूर्व से सृजित पद | | | 6 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | | 3 |

10. पद का नाम– वरीय पशुपालक

प्रस्तावित पदों की संख्या–4, वेतनमान– लेवल–03 (21700–69100)

- वर्तमान में संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में कुल 93 प्रजाति के लगभग 1122 वन्यजीवों का स्वास्थ्य एवं आहार प्रबंधन का कार्य किया जाता है। पूर्व में भी वन्यजीवों की बढ़ती संख्या के आलोक में इनके पदों में आवश्यकतानुसार बढ़ोतरी की गई है। इनके कुल सृजित 03 पदों में से 02 पदों का सृजन 1987 में एवं 01 पद का सृजन 2007 में किया गया है। तत्पश्चात् बढ़ते वन्यजीवों की संख्या को देखते हुए पूर्व से सृजित पदों में बढ़ोतरी की आवश्यकता है।
- इनके नियंत्री पदाधिकारी संबंधित बीट के वनपाल होंगे एवं इनका मुख्यालय संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना होगा।

वरीय पशुपालक वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, जन्तु प्रक्षेत्र के नियंत्रण एवं निदेशन में पशु चिकित्सा पदाधिकारी, पशुपालक एवं अन्य पदाधिकारी/कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर वन्यजीव प्रबंधन के 24 घंटे दैनिक कार्यों का संचालन तथा प्राप्त आदेशानुसार अन्य आवश्यक कार्य सम्पादित करेंगे/करायेंगे। इसमें इनके प्रभारी वन्यजीवों के इंक्लोजरों के पंजी का संधारण, वन्यजीवों के स्वास्थ्य, अधिवास, प्रजनन, मृत्यु, बीमारी, दवाईयाँ इत्यादि से संबंधित कार्यों का निष्पादन कर प्रतिवेदन वरीय स्तर पर प्रतिवेदित करेंगे। वन्यजीव इंक्लोजर की साफ–सफाई, रख–रखाव एवं मौसमी कार्यों का प्रबंधन के अनुरूप सुनिश्चित करना तथा अन्य सभी आवंटित कार्यों का निष्पादन करेंगे/करायेंगे।

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में वरीय पशुपालक संवर्ग के प्रजातिवार कार्य एवं दायित्वों का निर्धारण निम्नवत् है:–

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | वरीय पशुपालक की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | Felidae, Canidae प्रजाति के वन्यजीवों की देख–भाल | 1 |
| 2 | Primates, Ursidae, Viverridae, Hystricidae, Sciuridae प्रजाति के वन्यजीवों की देख–भाल | 1 |
| 3. | Exotic प्रजाति के वन्यजीवों की देख–भाल | 1 |
| 4. | Herbivore प्रजाति के वन्यजीवों की देख–भाल | 1 |
| 5. | Reptiles, Mustelidae प्रजाति के वन्यजीवों की देख–भाल | 1 |
| 6. | पक्षी प्रजाति के वन्यजीवों की देख–भाल | 1 |
| 7. | ब्रीडिंग सेंटर एवं अस्पताल | 1 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 7 |
| पूर्व से सृजित पद | | 3 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 4 |

11. पद का नाम– पशुपालक

प्रस्तावित पदों की संख्या–36 वेतनमान– लेवल–01 (18000–56900)

- वर्तमान में संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में कुल 93 प्रजाति के लगभग 1122 वन्यजीवों का स्वास्थ्य एवं आहार प्रबंधन का कार्य किया जाता है। पूर्व में भी वन्यजीवों की बढ़ती संख्या के आलोक में इनके पदों में आवश्यकतानुसार बढ़ोतरी की गई है। इनके कुल सृजित 64 पदों में से इनके 14 पदों का सृजन 1987 में, 2 पदों का सृजन 2006 में, 32 पदों का सृजन 2007 में एवं 16 पदों का सृजन 2012 में किया गया है। तत्पश्चात् बढ़ते वन्यजीवों की संख्या को देखते हुए पूर्व से सृजित पदों में बढ़ोतरी की आवश्यकता है।

- साथ ही इनकी 24 घंटे की ड्यूटी को देखते हुए रात्रि ड्यूटी एवं लीव–रिजर्व को भी सम्मिलित किया गया है।

- इनके नियंत्री पदाधिकारी संबंधित सब–बीट के वनरक्षी होंगे एवं इनका मुख्यालय संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना होगा।

- पशुपालक वनों के क्षेत्र पदाधिकारी, जन्तु प्रक्षेत्र के नियंत्रण एवं निदेशन में पशु चिकित्सा पदाधिकारी, वरीय पशुपालक एवं अन्य पदाधिकारी/कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर वन्यजीव प्रबंधन के 24 घंटे दैनिक कार्यों का संचालन, वन्यजीवों के सतत् निगरानी तथा प्राप्त आदेशानुसार अन्य आवश्यक कार्य सम्पादित करेंगे/करायेंगे। इन कार्यों में इनके प्रभार के वन्यजीव इंक्लोजरों के कीपर–पंजी का संधारण, वन्यजीवों के स्वास्थ्य चिकित्सा, आहार, सैम्पल–संग्रहण, अधिवास, इंक्लोजर के अंदर एवं बाहर की साफ–सफाई, इंक्लोजर के नाईट–हाउस की साफ–सफाई, अवशेष आहार पदार्थ का निष्पादन, मल–मूत्र की सफाई, मौसम के अनुसार कार्यों का निष्पादन, इंक्लोजर के अंदर एवं बाहर पेड़–पौधों का रख–रखाव, पटवन इत्यादि, इंक्लोजर की सम्पूर्ण जाँच, वरीय पशुपालक के साथ समन्वय, पशु चिकित्सा पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारियों के निर्देशों का अनुपालन इत्यादि कार्य सम्मिलित होंगे।

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में पशुपालक संवर्ग के बीटवार कार्य एवं दायित्वों का निर्धारण का सारांश निम्नवत् है:–

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | पशुपालक की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | Felidae, Canidae प्रजाति के वन्यजीवों की देख–भाल | 16 |
| 2 | Primates, Ursidae, Viverridae, Hystricidae, Sciuridae प्रजाति के वन्यजीवों की देख–भाल | 13 |
| 3. | Exotic प्रजाति के वन्यजीवों की देख–भाल | 13 |
| 4. | Herbivore प्रजाति के वन्यजीवों की देख–भाल | 14 |
| 5. | Reptiles, Mustelidae प्रजाति के वन्यजीवों की देख–भाल | 11 |
| 6. | पक्षी प्रजाति के वन्यजीवों की देख–भाल | 14 |
| 7. | ब्रीडिंग सेंटर | 8 |
| 8. | अस्पताल | 11 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 100 |
| पूर्व से सृजित पद | | 64 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 36 |

**12. पद का नाम– पशु कम्पाउंडर**

प्रस्तावित पदों की संख्या–01, वेतनमान– लेवल–02 (19900–63200)

- संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में रखे गये सभी वन्यजीवों के स्वास्थ परीक्षण तथा चिकित्सा में पशु चिकित्सक के सहयोग का कार्य इनके द्वारा किया जायेगा।
- इनके नियंत्री पदाधिकारी पशु चिकित्सा पदाधिकारी, संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना होंगे एवं इनका मुख्यालय पटना होगा।
- इस संवर्ग मे पूर्व से 2 पद सृजित है। संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में वन्यजीवों की बढ़ती प्रजातियों एवं संख्या को देखते हुये तथा संजय गाँधी जैविक उद्यान,

पटना के निकट भविष्य में वन्यजीवों के बेहतर ईलाज हेतु अतिरिक्त 01 पद का सृजन प्रस्तावित है।

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | पशु कम्पाउंडर की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | जू में वास कर रहे कुल 93 प्रजाति के कुल 1122 वन्यजीवों का स्वास्थ प्रबंधन, रख–रखाव, स्वास्थ परीक्षण तथा चिकित्सा का कार्य, गैंडा संरक्षण एवं प्रजनन केन्द्र, आपातकालीन सेवा, त्वरित कार्रवाई बल तथा राहत कार्य के साथ–साथ वन्यजीवों के स्थानांतरण का कार्य एवं लीव रिजर्व (प्रत्येक पशु चिकित्सा पदाधिकारी के साथ एक कम्पाउंडर प्रस्तावित है।) | 3 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 3 |
| पूर्व से सृजित पद | | 2 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 1 |

13. पद का नाम– चालक

प्रस्तावित पदों की संख्या–11, वेतनमान– लेवल–02 (19900–63200)

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना में चालकों का कार्य निर्धारण निम्नवत् है:–

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | चालक की संख्या |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक वाहन हेतु चालक | 1 |
| 2 | उप–निदेशक वाहन हेतु चालक | 1 |
| 3. | वनों के क्षेत्र पदाधिकारी वाहन हेतु चालक | 3 |
| 4. | पशु चिकित्सा पदाधिकारी वाहन हेतु चालक | 3 |
| 5. | रेस्क्यू वाहन हेतु चालक | 1 |
| 6 | आहार–वितरण वाहन हेतु चालक | 3 |
| 7 | टॉय–ट्रेन हेतु चालक | 2 |
| 8 | फायरटेंडर/एंबुलेंस हेतु चालक | 1 |
| 9 | लीव–रिजर्व | 1 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 16 |
| पूर्व से सृजित पद | | 5 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 11 |

14. पद का नाम– माली

प्रस्तावित पदों की संख्या–25, लेवल–01 (18000–56900)

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना क्षेत्र में माली का बीटवार कार्य एवं दायित्वों का निर्धारण निम्नवत् है:-

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | माली की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | नर्सरी (कुल 3 नर्सरी) | 6 |
| 2 | मेडिसिनल गार्डेन | 3 |
| 3 | फर्न हाउस, पॉली हाउस एवं कैक्टस हाउस | 4 |
| 4 | केना गार्डेन | 2 |
| 5 | गेटन० 1 | 2 |
| 6 | गेटन० 2 | 2 |
| 7 | बटरफ्लाई गार्डेन | 2 |
| 8 | कार्यालय के आसपास के क्षेत्र | 2 |
| 9 | गुलाब गार्डेन | 2 |
| 10 | 45 वन्यप्राणी इंक्लोजरों के आसपास का लैंडस्केपिंग क्षेत्र। | 15 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 40 |
| पूर्व से सृजित पद | | 15 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 25 |

15. पद का नाम– प्लम्बर

प्रस्तावित पदों की संख्या–4, लेवल–02 (19900–63200)

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के संरचनाओं के उचित रख–रखाव एवं वन्यजीवों के इंक्लोजर्स में सुचारू रूप से पानी की सुविधा के लिए प्लम्बर के निम्न पद प्रस्तावित है:-

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | प्लम्बर की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | वनस्पति प्रक्षेत्र के अन्तर्गत पर्यटकों के लिए उपलब्ध पीने के पानी की सुविधा, शौचालयों एवं अन्य संरचनाओं का रख–रखाव। (जल उद्यान, फर्न हाउस, कैक्टस गार्डेन, जगत नर्सरी, प्रक्षेत्र एवं प्रमंडलीय कार्यालय, एनेक्सी, 3डी, जू एजुकेशन हॉल एवं रॉक गार्डेन इत्यादि) | 2 |
| 2 | जन्तु प्रक्षेत्र के सभी इंक्लोजर में वन्यजीवों एवं पर्यटकों के लिए पानी की सुविधा, बोरिंग/पम्प का रख–रखाव एवं संचालन | 2 |
| 3 | एक्वेरियम का संचालन एवं रख–रखाव | 1 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 5 |
| पूर्व से सृजित पद | | 1 |

| | |
|---|---|
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | 4 |

16. पद का नाम– बिजली मिस्त्री

प्रस्तावित पदों की संख्या–4, लेवल–02 (19900–63200)

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के संरचनाओं के उचित रख–रखाव एवं वन्यजीवों के इंक्लोजर में सुचारू रूप से बिजली की सुविधा के लिए बिजली मिस्त्री के निम्न पद प्रस्तावित है:–

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | बिजली मिस्त्री की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | वनस्पति प्रक्षेत्र के अन्तर्गत पर्यटकों के लिए उपलब्ध ट्रांसफॉर्मर, हेवीड्यूटी वायरिंग, पीने के पानी की सुविधा, शौचालयों एवं अन्य संरचनाओं का रख–रखाव। (जल उद्यान, फर्न हाउस, कैक्टस गार्डेन, जगत नर्सरी, प्रक्षेत्र एवं प्रमंडलीय कार्यालय, एनेक्सी, 3डी, जू एजुकेशन हॉल एवं रॉक गार्डेन इत्यादि) | 2 |
| 2 | जन्तु प्रक्षेत्र के ट्रांसफॉर्मर, हेवीड्यूटी वायरिंग, सभी इंक्लोजर में वन्यजीवों एवं पर्यटकों के लिए पानी की सुविधा, बोरिंग/पम्प का रख–रखाव एवं संचालन | 2 |
| 3 | एक्वेरियम का संचालन एवं रख–रखाव | 1 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 5 |
| पूर्व से सृजित पद | | 1 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 4 |

17. पद का नाम–सपेरा

प्रस्तावित पदों की संख्या–4, लेवल–01 (18000–56900)

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के स्नेक हाउस एवं रेस्क्यू कार्य के लिए सपेरा के निम्न पद प्रस्तावित है:–

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | सपेरा की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | स्नेक हाउस (लीव रिजर्व सहित) | 3 |
| 2 | रेस्क्यू कार्य (लीव रिजर्व सहित) | 2 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 5 |
| पूर्व से सृजित पद | | 1 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 4 |

18. पद का नाम– चौकीदार

प्रस्तावित पदों की संख्या–4, लेवल–01 (18000–56900)

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के संरचनाओं की सुरक्षा के लिए चौकीदार के निम्न पद प्रस्तावित हैः–

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | चौकीदार की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | गेटसं० 1 | 1 |
| 2 | गेटसं० 2 | 1 |
| 3 | प्रक्षेत्र कार्यालय | 1 |
| 4 | प्रमंडलीय कार्यालय | 1 |
| 5 | आहार गोदाम | 1 |
| 6 | वनस्पति प्रक्षेत्र की संरचनाएं (3डी थियेटर, एनेक्सी इत्यादि) | 1 |
| 7 | लीव रिजर्व | 1 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 7 |
| पूर्व से सृजित पद | | 3 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 4 |

19. पद का नाम– खानसामा

प्रस्तावित पदों की संख्या–2, लेवल–02 (19900–63200)

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के आहार गोदाम एवं एनेक्सी के लिए खानसामा के निम्न पद प्रस्तावित हैः–

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | खानसामा की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आहार गोदाम | 3 |
| 2 | एनेक्सी | 2 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 5 |
| पूर्व से सृजित पद | | 3 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 2 |

20. पद का नाम– कार्यालय परिचारी

प्रस्तावित पदों की संख्या–19, लेवल–01 (18000–56900)

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के कार्यालयों में कार्यालय कार्य एवं संरचनाओं के रख–रखाव हेतु कार्यालय परिचारी के निम्न पद प्रस्तावित हैः–

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | कार्यालय परिचारी की संख्या |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निदेशक, उप निदेशक एवं प्रक्षेत्र कार्यालय | 7 |
| 2 | पशु चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय | 1 |
| 3 | वनस्पति प्रक्षेत्र की संरचनायें | 10 |
| 4 | जन्तु प्रक्षेत्र की संरचनायें | 10 |
| 5 | पशु अस्पताल | 1 |
| 6 | आहार गोदाम | 1 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 30 |
| पूर्व से सृजित पद | | 11 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 19 |

21. पद का नाम– कम्प्युटर ऑपरेटर (Computer Operator)

प्रस्तावित पदों की संख्या–20,

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के कार्यालय, प्रक्षेत्र कार्यालय एवं राजस्व संग्रहण इत्यादि के लिए कम्प्युटर ऑपरेटर (Computer Operator) के निम्न पद प्रस्तावित हैः–

| क्र0 | कार्य दायित्वों का निर्धारण | कम्प्युटर ऑपरेटर (Computer Operator) की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | निदेशक कार्यालय | 4 |
| 2 | उप निदेशक कार्यालय | 1 |
| 3 | प्रक्षेत्र कार्यालय | 3 |
| 4 | पशु चिकित्सा पदाधिकारी कार्यालय | 1 |
| 5 | टिकट काउंटर | 7 |
| 6 | ऑन–लाईन टिकटिंग एवं वेबसाईट का संचालन | 1 |
| 7 | कंट्रोल रूम का संचालन (24 ग 7) 3 शिफ्ट में | 3 |
| आवश्यक कुल पदों की संख्या | | 20 |
| पूर्व से सृजित पद | | 0 |
| सृजन हेतु प्रस्तावित अतिरिक्त पद | | 20 |

(पूनम कुमारी)
सरकार के संयुक्त सचिव

परिशिष्ट -02

संजय गाँधी जैविक उद्यान, पटना के स्थायी स्थापना अन्तर्गत विभिन्न कोटि के 172 अतिरिक्त पदों के सृजन के फलस्वरूप अनुमानित वार्षिक व्यय की विवरणी।

| क्रमांक | पदनाम | पे लेवल एवं पे | एक माह का वेतन | एक माह का महंगाई भत्ता (55%) | आवास भत्ता (10%) | एक माह का परिवहन भत्ता | एक माह का परिवहन भत्ता पर महंगाई भत्ता (55%) | एक माह का चिकित्सा भत्ता | वार्षिक वर्दी भत्ता | एक माह का वेतन अन्य भत्ता का योग (4 to 10) | नव सृजित पदों की संख्या | अनुमानित मसिक व्यय (11 × 12) | कुल वार्षिक व्यय (12 × 13 माह) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| 1 | पशुचिकित्सक | लेवल–09 (53100–167800) | 53100 | 29205 | 10620 | 3000 | 1650 | 1000 | 0 | 98575 | 1 | 98575 | 1182900 |
| 2 | वनों के क्षेत्र पदाधिकारी | लेवल–06 (35400–112400) | 35400 | 19470 | 7080 | 1500 | 825 | 1000 | 0 | 65275 | 1 | 65275 | 783300 |
| 3 | क्यूरेटर | लेवल–06 (35400–112400) | 35400 | 19470 | 7080 | 1500 | 825 | 1000 | 0 | 65275 | 1 | 65275 | 783300 |
| 4 | फार्मासिस्ट | लेवल–05 (29200–92300) | 29200 | 16060 | 5840 | 1500 | 825 | 1000 | 0 | 54425 | 1 | 54425 | 653100 |
| 5 | तकनीशियन | लेवल–05 (29200–92300) | 29200 | 16060 | 5840 | 1500 | 825 | 1000 | 0 | 54425 | 1 | 54425 | 653100 |
| 6 | वनपाल | लेवल–05 (29200–92300) | 29200 | 16060 | 5840 | 1500 | 825 | 1000 | 11000 | 65425 | 5 | 327125 | 3925500 |
| 7 | वनरक्षी | लेवल–03 (21700–69100) | 21700 | 11935 | 4340 | 1500 | 825 | 1000 | 10000 | 51300 | 24 | 1231200 | 14774400 |
| 8 | आशुलिपिक | लेवल–04 (25500–81100) | 25500 | 14025 | 5100 | 1500 | 825 | 1000 | 0 | 47950 | 1 | 47950 | 575400 |
| 9 | निम्नवर्गीय लिपिक | लेवल–02 (19900–63200) | 19900 | 10945 | 3980 | 1500 | 825 | 1000 | 0 | 38150 | 3 | 114450 | 1373400 |
| 10 | वरीय पशुपालक | लेवल–02 (19900–63200) | 19900 | 10945 | 3980 | 1500 | 825 | 1000 | 5000 | 43150 | 4 | 172600 | 2071200 |
| 11 | पशुपालक | लेवल–01 (18000–56900) | 18000 | 9900 | 3600 | 1500 | 825 | 1000 | 5000 | 39825 | 36 | 1433700 | 17204400 |
| 12 | पशु कम्पाउडर | लेवल–02 (19900–63200) | 19900 | 10945 | 3980 | 1500 | 825 | 1000 | 5000 | 43150 | 1 | 43150 | 517800 |
| 13 | चालक | लेवल–02 (19900–63200) | 19900 | 10945 | 3980 | 1500 | 825 | 1000 | 5000 | 43150 | 11 | 474650 | 5695800 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 14 | माली | लेवल–01 (18000–56900) | 18000 | 9900 | 3600 | 1500 | 825 | 1000 | 5000 | 39825 | 25 | 995625 | 11947500 |
| 15 | प्लम्बर | लेवल–02 (19900–63200) | 19900 | 10945 | 3980 | 1500 | 825 | 1000 | 5000 | 43150 | 4 | 172600 | 2071200 |
| 16 | बिजली मिस्त्री | लेवल–02 (19900–63200) | 19900 | 10945 | 3980 | 1500 | 825 | 1000 | 5000 | 43150 | 4 | 172600 | 2071200 |
| 17 | सपेरा | लेवल–01 (18000–56900) | 18000 | 9900 | 3600 | 1500 | 825 | 1000 | 5000 | 39825 | 4 | 159300 | 1911600 |
| 18 | चौकीदार | लेवल–01 (18000–56900) | 18000 | 9900 | 3600 | 1500 | 825 | 1000 | 5000 | 39825 | 4 | 159300 | 1911600 |
| 19 | खानसामा | लेवल–02 (19900–63200) | 19900 | 10945 | 3980 | 1500 | 825 | 1000 | 5000 | 43150 | 2 | 86300 | 1035600 |
| 20 | आदेशपाल / कार्यालय परिचारी | लेवल–01 (18000–56900) | 18000 | 9900 | 3600 | 1500 | 825 | 1000 | 5000 | 39825 | 19 | 756675 | 9080100 |
| 21 | कम्प्युटर ऑपरेटर | संविदा के आधार पर सेवा प्राप्त की जाएगी। | 25500 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 25500 | 20 | 510000 | 6120000 |
| | कुल | | 513500 | 268400 | 97600 | 31500 | 17325 | 20000 | 76000 | 1024325 | 172 | 7195200 | 86342400 |
| | (कुल आठ करोड़ तीरसठ लाख बयालीस हजार चार सौ रूपये मात्र) | | | | | | | | | | | | |

(पूनम कुमारी)
सरकार के संयुक्त सचिव